Valedictory Reference on the conclusion of the First Session of the Eighteenth Lok Sabha

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, अब हम 18 वीं लोकसभा के पहले सत्र की समाप्ति की ओर आ गए हैं । इस सत्र का आरंभ दिनांक 24 जून, 2024 को हुआ था । इस सत्र में सदन की सात बैठकें हुईं जो लगभग 34 घंटे तक चलीं ।

सत्र का आरंभ 24 जून, 2024 को हुआ था । स्थापित परंपराओं के अनुसार 18 वीं लोकसभा के प्रथम सत्र का पहला दिन अवसर की गंभीरता के दृष्टिगत कुछ समय के मौन के साथ प्रारंभ हुआ । सत्र के दौरान 539 माननीय सदस्यों ने शपथ अथवा प्रतिज्ञान किया । दिनांक 26 जून, 2024 को लोक सभा के अध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न हुआ । मुझे पुन: इस पवित्र आसन पर सेवा का अवसर देने के लिए, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं । लोक सभा अध्यक्ष का पीठासीन अधिकारी निर्वाचित होना मेरे लिए असीम सम्मान और गौरव का विषय है । इसी दिन माननीय प्रधान मंत्री जी ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद् के सदस्यों का सदन में परिचय कराया ।

माननीय सदस्यगण, महामहिम राष्ट्रपति जी ने 27 जून, 2024 को समवेत दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया । उसी दिन मैंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता श्री राहुल गांधी जी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता दी और इस आशय की घोषणा सदन में की गई ।

कल और आज 18 घंटे से अधिक हुई चर्चा के बाद सदन ने महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को पारित किया । इस चर्चा में कुल 68 माननीय सदस्यों ने भागीदारी की तथा 50 से अधिक माननीय सदस्यों ने अपने वक्तव्य सभा पटल पर रखे । माननीय सदस्यों के वक्तव्यों के अंत में माननीय प्रधान मंत्री जी ने चर्चा का उत्तर दिया । सत्र के दौरान नियम 377 के अधीन 41 मामले सदन के पटल पर रखे गए तथा कुल 338 पत्रों को सभा पटल पर रखा गया । सत्र के दौरान निर्देश 73(क) के अधीन सभा में माननीय मंत्रियों द्वारा तीन वक्तव्य भी दिए गए । लोकसभा के इस सत्र की कार्य उत्पादकता लगभग 105 प्रतिशत रही ।

माननीय सदस्यगण, मैं सत्र के प्रारंभिक दिनों में सदन के कुशल संचालन के लिए तथा 18 वीं लोक सभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ अथवा प्रतिज्ञान कराने के लिए महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा नियुक्त प्रोटेम स्पीकर श्री भर्तृहरि महताब तथा सभापति तालिका के सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं । मैं सभापति तालिका में शामिल अपने माननीय साथियों का सदन के संचालन में उनके सहयोग तथा योगदान के लिए भी आभार व्यक्त करता हूं ।

मैं माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय संसदीय कार्य मंत्रियों, सभी माननीय मंत्रीगण, नेता प्रतिपक्ष, विभिन्न दलों के नेताओं और माननीय सदस्यों के प्रति उनके सहयोग के लिए अत्यधिक आभारी हूं ।

मैं आप सभी की ओर से प्रेस और मीडिया के मित्रों का भी धन्यवाद करता हूं । इस अवसर पर मैं सभा को समर्पित सेवा के लिए लोकसभा सचिवालय के महासचिव, अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करता हूं ।

मैं सभा की कार्यवाही के सफल संचालन संबद्ध एजेंसियों को उनके द्वारा प्रदान की गई सहायता के लिए धन्यवाद देता हूं ।

____

-

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, कृपया अब वंदे मातरम की धुन के लिए अपने स्थान पर खड़े हों ।

18.35 hrs

NATIONAL SONG

The National Song was played.

माननीय अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित की जाती है ।

18.37 hrs

The Lok Sabha then adjourned sine die.

____

INTERNET

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following address:

www.sansad.in/ls

LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business

in Lok Sabha (Seventeenth Edition)

* Laid on the Table.